मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 79, मुंबई, गुरुवार, 16 मई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE™
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## महाराष्ट्र में 4 जून के बाद
# सियासी भूचाल
### शरद पवार और उद्धव ठाकरे को लगेगा बड़ा झटका



**मुंबई।** महाराष्ट्र में कब क्या हो जाए यह कोई नहीं बता सकता। लोकसभा चुनाव के पांचवें और अंतिम चरण का मतदान 20 मई को हो रहा है। इसके बाद जाहिर तौर पर यहां राजनीतिक गलियारों दिलचस्पी 4 जून के नतीजे में दिखेगी। हालांकि, उससे पहले बीजेपी नेता मोहित कंबोज ने एक सनसनीखेज दावा किया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

*मोहित कंबोज ने दावा किया है कि ये सभी फिलहाल दूसरे दलों के संपर्क में हैं। इसलिए लोकसभा चुनाव के बाद क्या ठाकरे गुट और शरद पवार गुट के बाकी विधायक भी उद्धव ठाकरे और शरद पवार का साथ छोड़कर सत्ताधारी गुट में शामिल होंगे, यह तो भविष्य में ही साफ होगा*



## अवैध होर्डिंग के खिलाफ कार्रवाई शुरू
### बीएमसी ने दी रेलवे को नोटिस

**मुंबई।** घाटकोपर के छेड़ा नगर में होर्डिंग गिरने के हादसे से सबक लेते हुए बीएमसी प्रशासन ने अवैध होर्डिंग के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। बीएमसी ने मध्य और पश्चिम रेलवे को आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के तहत नोटिस भेजी है और सभी अवैध होर्डिंग को तत्काल हटाने का निर्देश दिया है। बीएमसी ने घाटकोपर में बिना अनुमति के लगाए गए अन्य तीन होर्डिंग पर कार्रवाई शुरू की है। इसके साथ ही मध्य और पश्चिम रेलवे सीमा के भीतर अनियमित आकार यानी 40X40 फीट से अधिक के सभी होर्डिंग को तुरंत हटाने की नोटिस रेलवे के विभागीय प्रबंधक को भेजी गई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### रेलवे की सीमा में 99 अवैध होर्डिंग

शहर की रेलवे सीमा में लगे 179 होर्डिंग में से 99 बोर्ड 40X40 फीट से बड़े हैं। ये सभी 99 होर्डिंग पूरी तरह से अवैध हैं। बीएमसी ने रेलवे प्राधिकरण को इन होर्डिंग को तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि ये होर्डिंग्स नहीं हटाए गए तो बीएमसी आपातकालीन प्रबंधन अधिनियम के तहत कार्रवाई करेगी।

## मुंबई में नकली पुलिस बनकर कैफे मालिक से लूटे 25 लाख रुपये
### चार लोग सलाखों के पीछे




मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** अपराध शाखा से जुड़े होने का दावा करने वाले छह लोग मुंबई के सायन इलाके में एक कैफे मालिक के घर में घुस गए और कथित तौर पर 25 लाख रुपये ले गए। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इनमें से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर के माटुंगा इलाके में एक मशहूर कैफे के संचालक ने पुलिस को की गई शिकायत में बताया कि मंगलवार को छह लोग सायन अस्पताल के पास स्थित उनके घर आए और कहा कि वे मुंबई अपराध शाखा से हैं। अधिकारी ने शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि उन लोगों ने दावा किया कि वे चुनाव ड्यूटी पर हैं और उन्हें जानकारी मिली है कि घर में धन रखा है जिसका इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में किया जाएगा। मुंबई में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। अधिकारी के अनुसार, कैफे व्यवसायी ने उन्हें बताया कि उसके पास अपने व्यवसाय से कमाए 25 लाख रुपये नकद हैं और इस पैसे का चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## महाराष्ट्र: 5 लाख बच्चों का एडमिशन, 500 करोड़ हुआ खर्च... जांच में सबके सब निकले फर्जी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सरकारी स्कूलों में एक बड़ा खेल चल रहा है। यहां के स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग पांच लाख बच्चे फर्जी हैं। जी हां... इन बच्चों का दाखिला बिना किसी आधार कार्ड किया गया है। राज्य में हर महीने फर्जी छात्रों पर 500 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। कमाल की बात तो ये है की लोगों को इतने बड़े स्तर पर चल रहे इस फर्जीवाड़े का पता नहीं चल सका था। जानकारी के मुताबिक, राज्य में कुल 5 लाख 16 हजार 188 विद्यार्थियों को बिना आधार कार्ड के स्कूलों में प्रवेश दिया गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



### ऐसे चल रहा है फर्जीवाड़ा

*राज्य के सरकारी स्कूलों में 55 लाख 26 हजार 874 छात्र हैं। लेकिन इनमें से 1 लाख 79 हजार 56 छात्र ऐसे हैं जिनके पास आधार नहीं है। यानी ये छात्र फर्जी हैं। निजी सहायता प्राप्त स्कूलों में कुल 97 लाख 69 हजार 202 छात्र हैं। इनमें 1 लाख 11 हजार 444 बिना आधार नंबर वाले छात्र हैं। इसके अलावा निजी गैर सहायता प्राप्त स्कूलों में 62 लाख 61 हजार 778 छात्र हैं। इनमें से 2 लाख 25 हजार छात्रों के पास आधार कार्ड नहीं है। यानी कुल 5 लाख 16 हजार 188 छात्रों के पास आधार कार्ड नहीं है।*

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### कायदों की जानलेवा बेकद्री

**मुख्यमंत्री ने एलान किया है कि मुंबई में लगे सभी होर्डिंग्स का ऑडिट किया जाएगा। अवैध एवं खतरनाक होर्डिंग्स को तुरंत हटा दिया जाएगा। मगर इससे इसका जवाब नहीं मिलता कि ऐसे ऑडिट के लिए इतने बड़े हादसे का इंतजार क्यों किया गया?**

मुंबई के घाटकोपर में बिल बोर्ड गिरने की हुई घटना के बाद जो जानकारियां सामने आ रही हैं, उससे स्थानीय प्रशासन में गहराई तक बैठी लापरवाही और संभवतः गंभीर भ्रष्टाचार के भी संकेत मिल रहे हैं। इस हादसे की प्राथमिक जिम्मेदारी रेलवे पुलिस पर जाती है, क्योंकि बिलबोर्ड उसके अधिकार क्षेत्र में आने वाली जमीन पर लगा था। बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने इस बारे में रेलवे पुलिस को एक से ज्यादा बार आगाह भी किया था। बहरहाल, अब महानगर के दूसरे हिस्सों में भी होर्डिंग्स लगाने में नियमों के गंभीर उल्लंघन की सूचनाएं सामने आ रही हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एलान किया है कि मुंबई में लगे सभी होर्डिंग्स का ऑडिट किया जाएगा। अवैध एवं खतरनाक होर्डिंग्स को तुरंत हटा दिया जाएगा। मगर इससे इसका जवाब नहीं मिलता कि ऐसे ऑडिट के लिए इतने बड़े हादसे का इंतजार क्यों किया गया? तूफान और बेमौसम बारिश के कारण गिरा विशाल होर्डिंग स्वीकृत सीमा से तीन गुना बड़ा था। इतना विशाल होर्डिंग सत्ताधारी नेताओं की निगाह से कैसे बचा रहा? होर्डिंग 120 फीट लंबा और इतना ही चौड़ा था। वजन 250 टन बताया गया है। यह पास के उस पेट्रोल पंप पर जा गिरा, जहां लोग बारिश से बचने के लिए रुके हुए थे। इससे 14 लोगों की मौत हो गई। 70 से अधिक लोग जख्मी हो गए। हादसा कितना भयावह था, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एनडीआरएफ की एक टीम पूरी रात फंसे लोगों को निकालने में जुटी रही। होर्डिंग एगो मीडिया नाम की कंपनी ने उस भूखंड पर लगाया था, जिसे महाराष्ट्र सरकार ने पुलिस कल्याण निगम को पट्टे पर दिया हुआ है। बीएमसी का दावा है कि होर्डिंग का निर्माण बिना उसकी इजाजत के किया गया। उस जगह पर चार होर्डिंग थे और उन सब को लगाने की मंजूरी पुलिस आयुक्त (रेलवे मुंबई) ने दी थी। यह तो उचित है कि पुलिस ने एगो मीडिया और उसके मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लेकिन प्रशासन के जिन हिस्सों की मिलीभगत से ऐसी लापरवाही संभव हुई, उनकी जवाबदेही तय करना भी उतना ही जरूरी है।

# हार-जीत की चिंता में डूबे प्रत्याशी, रमेश अवस्थी ने लिया फीडबैक

## जनता मोदी जी के ऐतिहासिक कामों की मुरीद-अजय कपूर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** बीते शनिवार को यहां हुए लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान संपन्न हो हो जाने के बाद हार जीत की चिंता प्रत्याशियों का पीछा नहीं छोड़ रही है। यद्यपि ज्यादातर विधानसभाओं में भाजपा का ही पलडा भारी रहा। पहली बार मुस्लिम बहुल इलाकों में सभी जगह भाजपा के बस्ते लगे। यही नही इनमें कई मे तो इंडी गठबंधन प्रत्याशी के बस्ते से भी ज्यादा भीड देखने को मिली। प्रत्याशी घर पहुंच रहे कार्यकर्ताओं से मिलकर लगातार उनसें फीडबैक भी ले रहे हैं। प्रत्याशी रमेश अवस्थी कार्यकताओं एवं आम जनता से लिए गए फीडबैक के आधार पर बडी जीत का दावा भी कर रहे है। चुनाव समाप्त हो जाने के



बाद से भाजपा कार्यकर्ता लगातार उनके घर पहुंचकर उन्हें जीत की अग्रिम बधाई दे रहे हैं। कार्यकर्ता प्रत्याशी रमेश अवस्थी को अपने अपने पोलिंग सेंटर में पडे मतों में से भाजपा के पक्ष में पडे वोटों का गणित भी समझा रहे हैं। दिग्गज भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक अजय कपूर कहते है कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में जो उल्लेखनीय एवं असंभव से लगने वाले कार्य किए हैं, उससे जनता मोदी जी की मुरीद हो गई है। प्रत्याशी की शालीन छवि ने भी मतदाताओं को प्रभावित किया। रामदेव शुक्ला ने कहा कि धारा 370 की समाप्ति व राममंदिर के उद्घाटन व निर्माण से जनता भाजपा से बहुत खुश है। भाजपा साहित्य प्रचार विभाग दक्षिण जिले के संयोजक प्रकाशवीर आर्य बात को आगे बढ़ाते हुए कहते है कि किदवई नगर एवं गोबिन्द नगर विधानसभा में भाजपा को बंपर बढ़त मिलेगी।पूर्व संगठन मंत्री संजय दुबे अजय कपूर की तरफ मुखातिब होते हुए बोले कि जूही बंबुरईया में अबकी विपक्ष का बस्ता ही नही लगा जबकि पहले हर बार अजय के कारण विपक्ष की उपस्थिति इस क्षेत्र में रहती थी। भाजपा मंडल अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी ने कहा कि निराला नगर मंडल में भाजपा की अबकी ऐतिहासिक बढ़त होगी। स्कूल प्रबंधक वी.के.मिश्रा ने कहा कि भाजपा कि जीत में किसी प्रकार का कोई संदेह नहीं है।

# 'अनवूमन' के पीछे की शानदार तिकड़ी: कैसे पल्लवी रॉय शर्मा, गुंजन गोयल और सुशील शरमन ने एक उत्कृष्ट कृति तैयार की

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**फिल्म** निर्माण की दुनिया में, सिनेमाई जादू पैदा करने के लिए सहयोग अक्सर महत्वपूर्ण होता है। यह विशेष रूप से हिंदी भाषा के नाटक अनवूमन के लिए सच है, जो प्यार और स्वीकृति की एक हार्दिक कहानी है जिसने दुनिया भर के दर्शकों के दिलों पर कब्जा कर लिया है। इस सिनेमाई विजय के शीर्ष पर तीन दूरदर्शी प्रतिभाएँ हैं: निर्देशक पल्लवी रॉय शर्मा, निमार्ता गुंजन गोयल, और लेखक सुशील शरमन।



अनवूमन की यात्रा रूढ़िवादिता को चुनौती देने और कहानी कहने के माध्यम से सार्थक बातचीत को प्रेरित करने के साझा दृष्टिकोण के साथ शुरू हुई। पल्लवी रॉय शर्मा, जो अपनी साहसिक और विचारोत्तेजक कहानियों के लिए जानी जाती हैं, ने हर फ्रेम को प्रामाणिकता और भावना से भरते हुए, परियोजना में अपनी निर्देशन विशेषज्ञता लायी। जब हमने पल्लवी से पूछा कि वह अपनी फिल्म अनवुमन के माध्यम से क्या संदेश देना चाहती हैं, तो उन्होंने कहा, मैं समावेशन के संबंध में एक संवाद शुरू करना चाहती थी। फिल्म का आखिरी दृश्य जहां सांवरी बस के फर्श पर बैठती है क्योंकि उसके लिए कोई सीट आरक्षित नहीं थी, मैं हमारे रुख पर प्रकाश डालना चाहता था जहां हम तीसरे लिंग को अपने समाज का हिस्सा नहीं मानते हैं। अंत में यह एक प्रेम कहानी है और प्यार बाधाओं को तोड़ देता है और हम सभी प्यार करना और प्यार पाना चाहते हैं।

निर्माता गुंजन गोयल द्वारा समर्थित, जिनकी कहानी कहने का जुनून और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता फिल्म के हर पहलू में स्पष्ट है, अनवूमन को पंख लग गए। निमार्ता से यह पूछने पर कि इस तरह के अनोखे विषय को चुनने के लिए उन्हें किस बात ने प्रेरित किया, गुंजन ने कहा, मैं एक ऐसी फिल्म बनाना चाहता था जो लोगों को सोचने के लिए प्रेरित करे। यह कोई ऐसी फिल्म नहीं है जिसे आप दो घंटे तक देखते हैं और भूल जाते हैं। आज बहुत से लोग अपने विचार लेकर मुझसे आये हैं और यह एक अच्छी शुरूआत है।

इस तिकड़ी को पूरा करने वाले लेखक सुशील शरमन हैं, जिनकी सूक्ष्म पटकथा ने अनवूमन की शक्तिशाली कथा की नींव रखी। व्यक्तिगत अनुभवों और मानवीय रिश्तों की गहरी समझ से प्रेरित, शरमन की पटकथा, जिसे उन्होंने पल्लवी रॉय शर्मा के साथ मिलकर लिखा था, प्रामाणिकता के साथ प्रतिध्वनित होती है, प्यार और पहचान की जटिलताओं को अनुग्रह और संवेदनशीलता के साथ पकड़ती है। वह कहते हैं, मैंने अपना बचपन एक गांव में बिताया है और मैंने देखा है कि कैसे आम लोगों का जीवन वर्जनाओं के इर्द-गिर्द घूमता है। मैंने लोगों को पूर्वाग्रह के तहत झुकते देखा है और मैं इसे एक कहानी के माध्यम से प्रदर्शित करना चाहता था। पल्लवी रॉय शर्मा, गुंजन गोयल और सुशील शरमन ने मिलकर एक रचनात्मक शक्ति का निर्माण किया, जिनमें से प्रत्येक ने एक उत्कृष्ट कृति तैयार करने के लिए अपनी अनूठी ताकत पेश की, जो उम्मीदों को चुनौती देती है और सीमाओं से परे है। उनका सहयोग कहानी कहने में एकता की शक्ति का एक प्रमाण है, जो साबित करता है कि जब प्रतिभाशाली दिमाग एक साथ आते हैं, तो संभावनाएं अनंत होती हैं। करण मान, गिरीश पाल सिंह और प्रमोद देसवाल जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों से सजी यह फिल्म मानवीय संबंधों की सूक्ष्म खोज प्रस्तुत करती है, जो इसकी कहानी को नई ऊंचाइयों तक ले जाती है। जैसा कि अनवूमन दर्शकों को आकर्षित कर रहा है और स्वीकृति और समावेशन के बारे में महत्वपूर्ण बातचीत शुरू कर रहा है, भारतीय सिनेमा में अग्रणी के रूप में पल्लवी रॉय शर्मा, गुंजन गोयल और सुशील शरमन की विरासत मजबूती से मजबूत हो गई है। अपने शिल्प के प्रति उनका अटूट समर्पण और कहानी कहने की सीमाओं को आगे बढ़ाने की उनकी प्रतिबद्धता हर जगह फिल्म निर्माताओं के लिए प्रेरणा का काम करती है, जो हमें सिनेमा की परिवर्तनकारी शक्ति की याद दिलाती है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# '20 मई भाजपा गई' का बांद्रा बेहरामनगर की सभा में इमरान प्रतापगढी ने लगाया नारा

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**मुंबई।** देश के संविधान को बचाने के लिए इंडिया महाविकास आघाडी की मुंबई नॉर्थ सेंटर लोक सभा क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी श्रीमती वर्षा ताई गायकवाड को विजयी बनाकर दिल्ली की सांसद में भेजीए। ऐसा आव्हान कॉंग्रेस के सांसद मॉयनॉरीटी कॉंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढी ने मुंबई के बांद्रा बेहराम नगर में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा। बांद्रा के नवपाडा में लोकसभा प्रत्याशी वर्षाताई गावकवाड के समर्थन में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री इमरान प्रतापगढ़ी जी सांसद उपस्थित रहे इस अवसर पर



बांद्रा विधानसभा की जनता से वोटो की अपील की जनता का उत्साह देखकर निसंदेह कहा जा सकता है आने वाली सरकार इस देश में इंडिया गठबंधन की बनने जा रही है। इस जनसभा में माजी पालकमंत्री विधायक असलम शेख, मॉयनॉरीटी कॉंग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी अहमदखान, मुंबई मॉयनॉरीटी कॉंग्रेस के अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान, युथ कॉंग्रेस के उत्तर मध्य मुंबई के जिलाध्यक्ष अ. फहिम हाजी इब्राहिम भाईजान, मॉयनारीटी कॉंग्रेस के वरिष्ट मुस्लिम नेता कय्युम तांबोली, इकबाल पटेल, फजल सौदागर, 87 के ब्लॉक अध्यक्ष गुलफाम खान, मुंबई कांग्रेस वर्किंग कमिटी के मुंबई अध्यक्ष एंव महाराष्ट्र महासचिव पत्रकार जफर सिद्दीकी, वार्ड ८७ कॉर्डिनेटर श्रावण झा जी, आजाद खान, हसन, इरशाद कुरेशी, उस्मान खान (लाला), अकबर भाई, जमील, हनीफ भाई, इमरान शेख, रफीक भाई, इरशाद काजी, इमरान भाई, वसीम हकीम भाई, अल्ताफ शेख, आरिफ शेख, आसिफमंच पर इंडिया आघाडी के कई दिग्गज नेता और पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ कि उपस्थिती मौजुद थी।

## आयजा बानु मोहम्मद गुलफाम घीवाला गुजरात सीबीएसई की एचएससी सायंस बोर्ड की परिक्षा में 92 परसेंट से हुई पास

**Examination Results**
**Senior School Certificate Examination (Class XII) Results 2024**

Roll No: 11620912
Candidate Name: **AAIZA GHEEWALA**
Mother's Name: TAHERA GHEEWALA
Father's Name: GULFAM GHEEWALA
School's Name: RYAN INTERNATIONAL SCHOOL ADAJAN SURAT GUJ

| SUB CODE | SUB NAME | THEORY | Prac./IA/Proj. | MARKS | POSITIONAL GRADE |
|---|---|---|---|---|---|
| 301 | ENGLISH CORE | 075 | 020 | 095 | A1 |
| 042 | PHYSICS | 050 | 030 | 080 | A2 |
| 043 | CHEMISTRY | 069 | 030 | 099 | A1 |
| 044 | BIOLOGY | 065 | 029 | 094 | A1 |
| 048 | PHYSICAL EDUCATION | 061 | 030 | 091 | A1 |
| 500 | WORK EXPERIENCE | | | --- | A1 |
| 502 | HEALTH & PHYSICAL EDUCATION | | | --- | A1 |
| 503 | GENERAL STUDIES | | | --- | A1 |
| | Result : PASS | | | | |

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**सुरत।** गुजरात के सुरत में आयजा बानु मोहम्मद गुलफाम घीवाला ने रयान इंटरनैशनल स्कूल सुरत गुजरात राज्य (सी बी एस ई) (एच एस सी) सायंस बोर्ड.की 2024 परिक्षा में 92 परसेंट से पास होकर ना केवल मेमन बिरादरी का बल्के स्कूल और घीवाला परिवार का नाम भी रोशन किया है। जिसके चलते आयजा के परिवार वालों ने आयजा को मुबारकबाद दिए और दुआ की के आगे चलकर आयजा इसी तरहां अपनी महेनत और लगन के साथ आगे बढ़े और सफल हों। आयजा से जब बात की गई तो आयजा ने बताया कि वह अपने जिवन मे एम बी बी एस डॉक्टर की पढ़ाई करना चाहती है।



मुंबई हलचल की पुरी टीम की तरफ से भी आयजा को मुबारकबादी दी गई।

बिना बुलाए किसी के भी घर जाना न पड़े,
ईमान बेचकर रोटी हमें खाना न पड़े,

मुझे इतना ही दे देना मेरे दाता मालिक
किसी के सामने ये हाथ फैलाना न पड़े,

करूं न काम कभी कोई भी ऐसा प्रभु जी ,
किसी के सामने भी,आंख चुराना न पड़े,

बनूं माचिस की वह तीली, दिये-चूल्हे जलाते हों
किसी का घर और बस्ती यूं जलाना न पड़े,

दुवाएं मां की अहर्निश हमें मिलती ही रहें,
दुवाओं के लिए वृद्धाश्रम तक जाना न पड़े,

रहूं जिस देश में वह वतन भी मां जैसा है,
मुल्क में वोट खातिर आग लगाना न पड़े,

स्वर्ग से सुन्दर मेरा देश अब भी है बाबू,
बिखरकर लोगों को इतिहास बताना न पड़े,

प्यार जो करते हैं तो जान लुटा देवें हम,
मगर लुटकर कभी भी हमको पछ्ताना न पड़े।

मुहब्बत की कभी दूकान न होवे साहब,
मीरा,शबरी,राधा को ये भी बताना न पड़े,

सुरेश देश,सनातन को भूल मत जाना,
दौलत-ए-महल यहीं छोड़कर जाना न पड़े।

**सुरेश मिश्र**



*राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मुंबई प्रवास पर उद्योगपति श्री शिवजी अग्रवाल (shubham motiwala) सहित मारवाड़ी समाज के सभी व्यापारियों ने भेट किया।*

## किसान को उतारा मौत के घाट

**सांगली।** तेहसील-कडेगांव के ग्राम-रामपुर के निवासी किसान शिवाजी उत्तम शिंदे अपने खेत में जानवर के लिए चारा लेने गए थे, उन के साथ उन के परिवार के सदस्य भी थे, पुराना सांगली सातारा रोड पे रामपुर वांगी रास्ते पे धनवड़े बस्ती के निवासी शिवाजी उत्तम शिंदे अपने खेत से जानवरो को चारा ला के अपनी टू व्हीलर गाड़ी पे बांद के साइड में खड़े थे, तभी रामपुर की और से आ रही तेज रफ्तार से ओमनी गाड़ी ने इतने जोर से टक्कर मारी की दुर्घटना ग्रस्त मृतक को हॉस्पिटल ले जाते वक्त रास्ते में ही दम तोड दिया. शिवाजी उत्तम शिंदे एक सामान्य परिवार से है, अपना और परिवार के जीवन निर्वाह के लिए खेती कम हो से मोल मजदूरी कर अपना जीवन निर्वाह करते थे, उन के पश्चात बूढ़े मां बाप, अपंग बहन, धर्म पत्नी और दो बेटे हैं, एक पल में एक परिवार का कर्ता जाने का दुख वो ही समझ सकता है जिस पर गुजरती हैं. चिंचणी वांगी पुलिस स्टेशन में इस दुर्घटना की जानकारी देते हुए अनजाने वाहन चालक के खिलाफ में गुनाह दर्ज कर दी गई है, जिस के बाद जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है, गाड़ी का चालक वाह से उसी रफ्तार से निकल गया,आगे जा के ओमनी चालक गाड़ी छोड़ फरार हो गया, गाड़ी पुलिस ने जप्त कर जांच शुरू कर दी है।



## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**महाराष्ट्रः 5 लाख बच्चों का एडमिशन....**

इससे साफ है कि ये छात्र फर्जी हैं। सरकार ने छात्रों के लिए स्कूल में प्रवेश के दौरान आधार कार्ड को लिंक करना अनिवार्य कर दिया है, ऐसे में इस फजीवाड़े का खुलासा हुआ। स्कूलों ने पांच लाख से ज्यादा छात्रों को बिना आधार कार्ड दिखाकर पद दे दिए, यानी सरल भाषा में कहें तो बिना आधार कार्ड देखें इन बच्चों का दाखिला स्कूल वालों ने कर लिया। इससे राज्य सरकार को हर महीने करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है। राज्य में 2021 में पहली बार बीड जिले में फर्जी नंबर दिखाकर सरकार को चूना लगाने का मामला सामने आया था। बॉम्बे हाई कोर्ट की औरंगाबाद बेंच में एक 'जनहित याचिका' दायर की गई थी।

**मुंबई में नकली पुलिस बनकर कैफे मालिक से लूटे 25 लाख रुपये**

हालांकि, छह आरोपियों ने उनसे पैसे ले लिए और उन्हें किसी अपराध में फंसाने की धमकी देकर वहां से चले गए। इसके बाद कैफे मालिक ने सायन पुलिस थाने में संपर्क किया। जांच के दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को इस अपराध में एक सेवानिवृत्त पुलिस कॉन्स्टेबल और पुलिस मोटर परिवहन विभाग के कर्मियों के शामिल होने का संदेह है।

**महाराष्ट्र में 4 जून के बाद सियासी भूचाल**

कंबोज ने ट्वीट कर महाराष्ट्र में एक और सियासी भूचाल का संकेत दिया है। उनके इस ट्वीट के बाद राजनीतिक गलियारे में बहस छिड़ गई है। जानते है उन्होंने क्या कहा है। गौरतलब हो कि बुधवार को नासिक में एक सभा में उद्धव ठाकरे ने बीजेपी पर हमला बोला था। मैं चिंतित नहीं हूं। जब तक आपके आशीर्वाद की ढाल मेरे पास है, मुझे किसी का डर नहीं है। मोदी जी अपनी बीजेपी की चिंता करो। जब आप हमसे पूछते हैं कि भारत अघाड़ी के कितने चेहरे हैं, तो आप कहते हैं कि हम हर साल एक प्रधानमंत्री देंगे। अरे कम से कम हमारे पास चेहरे हैं, आपके पास नहीं हैं। अगर आप प्रधानमंत्री नहीं हैं तो देखिए दो साल में बीजेपी का क्या होता है। 5 तारीख को बीजेपी की आधी पार्टी टूटे बिना नहीं रहेगी।

**अवैध होर्डिंग के खिलाफ कार्रवाई शुरू**

मुंबई की भौगोलिक स्थिति और समुद्र तट से सटे क्षेत्र को ध्यान में रखते हुए बीएमसी प्रशासन मौसम और हवा की स्थिति के कारण 40X40 वर्ग फुट से बड़े होर्डिंग लगाने की अनुमति नहीं देता है। मुंबई में कुल 1025 विशाल होर्डिंग लगे हैं। इनमें से अधिकांश अंधेरी, जोगेश्वरी पश्चिम इलाके में लगे हैं। अंधेरी में सबसे अधिक 134 होर्डिंग लगे हैं। आंधी- तूफान के दौरान इनके गिरने का डर बना हुआ है।

## खबर संक्षेप

### नेपाल-भारत की सीमा का समाधान संभव



**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने विश्वास व्यक्त किया है कि कूटनीतिक वार्ता के जरिए ही भारत के साथ चली आ रही समस्याओं का समाधान हो सकता है। कूटनीतिक संवाद के जरिए हल होने वाली समस्याओं का दूसरा या तीसरा विकल्प नहीं ढूंढ़ा जाना चाहिए। नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित सेमिनार में विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि समस्याओं के लिए दोनों देश जिम्मेदार नहीं है।

### जासूसी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** एनआईए ने एक श्रीलंकाई और एक पाकिस्तानी नागरिक की संलिप्तता वाले जासूसी मामले में फरार एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद से फरार था। नूरुद्दीन उर्फ रफी को एनआईए की एक टीम ने कर्नाटक के मैसूर के राजीव नगर इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी पर पांच लाख रुपए का नकद इनाम था। गिरफ्तारी के बाद घर की भी तलाशी ली गई और वहां से मोबाइल फोन, लैपटॉप, पेन ड्राइव और एक ड्रोन सहित कई चीजें बरामद की गईं।



### इंडोनेशिया में बाढ़ के मलबों से 52 शव मिले



**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में बाढ़ की तबाही से मरने वालों की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। बचावकर्मियों ने बाढ़ प्रभावित गांवों में मलबे में लोगों की तलाश जारी रखी। मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। मानसून की भारी बारिश, भूस्खलन और माउंट मेरापी से निकले लावे ने शनिवार आधी रात से ठीक पहले पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के चार जिलों में कहर बरपा दिया था। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बाढ़ में बड़ी संख्या में लोग बह गए और घर व इमारतें जलमग्न हो गईं। 3,300 से अधिक लोगों को अस्थायी सरकारी सहायता केंद्रों में जाना पड़ा है। मुहारी ने कहा कि मंगलवार तक मलबे से 52 शवों को निकाला जा चुका है।

### अमेरिका की टिप्पणी पर भारत का जवाब

# संकीर्ण सोच के साथ बयान दे रहा है अमेरिका : जयशंकर



मुंबई हलचल / कोलकाता

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के लिए समझौते पर अमेरिका की तरफ से की जाने वाली टिप्पणी पर कहा कि अमेरिका जैसी महाशक्ति की सोच अगर संकीर्ण होती है तो असर व्यापक हो सकता है। अमेरिका कल तक जिस चाबहार बंदरगाह को गेम चेंजर बता रहा था, अफगानिस्तान से निकलने के बाद उसके लिए हुई डील पर भड़क रहा है। यह साफ-साफ छोटी सोच का ही नतीजा है, व्यापक हित की दृष्टि तो बिल्कुल नहीं। दरअसल इस समझौते के तुरंत बाद ही अमेरिका ने चेतावनी दी कि कोई भी तेहरान के साथ व्यापारिक सौदे करने के लिए विचार बना रहा है तो, उसे संभावित प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।

#### 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए

भारत ने ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह के प्रबंधन के लिए 10 साल के समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह कॉन्ट्रैक्ट इंडिया पोर्ट ग्लोबल लिमिटेड (आईपीजीएल) और ईरान के बंदरगाह और समुद्री संगठन (पीएमओ) के बीच किया गया है। इस महत्वपूर्ण समझौते के बाद अब ईरान का चाबहार बंदरगाह अगले दस सालों तक भारत का हो गया है। भारत के इस कदम से देश को मध्य एशिया के साथ कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। गौरतलब हो, चाबहार बंदरगाह परियोजना का विकास भारत-ईरान की एक प्रमुख परियोजना है। ईरान स्थित चाबहार बंदरगाह क्षेत्र और विशेष रूप से मध्य एशिया के लिए वाणिज्यिक पारगमन केन्द्र है।

#### अमेरिका की तरफ से प्रतिबंध की धमकी

विदेश मंत्री एस जयशंकर अपनी पुस्तक 'व्हाई भारत मैटर्स' के बांग्ला संस्करण के विमोचन समारोह में बोल रहे थे। कोलकाता में आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह में जयशंकर से ईरान के साथ चाबहार पोर्ट के लिए हुई डील पर अमेरिका की तरफ से प्रतिबंध की धमकी दिए जाने पर सवाल पूछा गया। इस पर विदेश मंत्री ने सीधा और साफ जवाब दिया। चाबहार बंदरगाह पर अमेरिका की टिप्पणी पर जयशंकर ने कहा कि मैंने कुछ टिप्पणियां देखीं जो की गई थीं, यह संवाद करने, समझाने और लोगों को यह समझाने का सवाल है कि यह वास्तव में सभी के लाभ के लिए है।

### केंद्रीय मंत्री शाह ने पीओके और कश्मीर में बताया अंतर

# कश्मीर में 2.11 करोड़ टूरिस्टों ने रिकॉर्ड बनाया उधर पीओके में आटे का भाव छू रहा है रिकॉर्ड



**शाह ने ये भी कहा**

पीओके भारत का है और हम उसे लेकर ही

*पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पीओके*

*घुसपैठ और सीएए के तहत नागरिकता की गारंटी के*

*अमित शाह ने कहा कि ममता बेनर्जी और कांग्रेस-सिंडिकेट कहती है कि धारा 370 को मत हटाओ। मैंने संसद में पूछा कि क्यों न हटाएं तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। 5 साल हो गए खून कि नदियां छोड़ो किसी की कंकड़ चलाने की भी हिम्मत नहीं है।*

मुंबई हलचल / कोलकाता

पश्चिम बंगाल के हुगली में श्रीरामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता, प्रमुख स्टार प्रचारक और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2 करोड़ 11 लाख टूरिस्टों ने कश्मीर में जाकर रिकॉर्ड बनाया हैं जबकि पाक अधिकृत कश्मीर में आटे के भाव ने रिकॉर्ड बनाया है।

शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी और कांग्रेस-सिंडिकेट कहती है कि धारा 370 को मत हटाओ।

#### परिवारवाद पर बोला हमला

अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के लोगों से कहा इस चुनाव में एक ओर परिवारवादी पार्टियां हैं। जिसमें ममता बेनर्जी अपने भतीजे को, शरद पवार अपनी बेटी को, उद्धव ठाकरे अपने बेटे को, स्टालिन अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी, राहुल बाबा को पीएम बनाना चाहती हैं। वहीं दूसरी ओर गरीब चाय वाले के घर में जन्में इस देश के महान नेता नरेंद्र मोदी जी हैं। एक ओर थोड़ी गर्मी बढ़ते ही थाईलैंड छुट्टी मनाने जाने वाले राहुल बाबा हैं। दूसरी ओर 23 साल से दीपावली के दिन भी सेना के जवानों के साथ मिठाई खाने वाले नरेंद्र मोदी जी हैं।

#### कश्मीर में कंकर तक फेंकने की हिम्मत नहीं

मैंने संसद में पूछा कि क्यों न हटाएं तो उन्होंने कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। 5 साल हो गए खून कि नदियां छोड़ो किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं है। उन्होंने कहा कि जब इंडी गठबंधन का शासन था तो हमारे कश्मीर में हड़तालें होती थीं। आज पीओके में हड़ताल होती है। पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पीओके में नारेबाजी होती है। जनसभा में अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी, आपको डरना है तो डरते रहिए, ममता बेनर्जी आपको डरना है तो डरते रहिए लेकिन मैं आज श्रीरामपुर की धरती से कहता हूं कि ये पीओके भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे।

#### गांरटी की है लड़ाई

बंगाल को 9 लाख, 25 हजार करोड़ रुपए दिए लोगों को सम्बोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि यह इंडी गठबंधन की 'चाईनीज गारंटी' और मोदी जी के ठोस वादों के बीच की लड़ाई है। यह घुसपैठ और सीएए के तहत नागरिकता की गारंटी के बीच की लड़ाई है। यह 'वोट फॉर विकास' और 'वोट फॉर जिहाद' के बीच लड़ाई है, चुनाव तुम्हारा है। शाह ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने बंगाल के विकास के लिए ढेर सारे कार्य किए हैं। मैं ममता दीदी से पूछना चाहता हूं कि 10 साल तक आपके लोग सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार में मंत्री रहे। लेकिन सोनिया-मनमोहन सिंह की सरकार ने बंगाल के विकास के लिए क्या किया।

#### पाक ने दी गीदड़भभकी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली में विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए पाकिस्तान को 'चूड़ियां पहनाने' वाला बयान दिया था, जिस पर पाकिस्तान बौखला गया। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और अन्य मंत्री पाकिस्तान पर टिप्पणी न करें। प्रवक्ता ने कहा कि ये बयान पाकिस्तान के प्रति नफरत को दिखाते हैं। इनसे स्पष्ट होता है कि जानबूझकर बयानों से नेता चुनावी लाभ लेना चाहते हैं। पाकिस्तान अपनी संप्रभुता और अपनी क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना जानता है। पाकिस्तान ने पहले भी अपनी रक्षा करने के संकल्प को दिखाया है।



### सटीक अदालती खबरों को लाने में भारत के पत्रकार अग्रणी: सीजेआई

**रियो-डि जेनेरो।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ जी-20 देशों के सुप्रीम कोर्ट के प्रमुखों के जे20 सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के शहर रियो-डि जेनेरो गए हुए हैं। शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीजेआई ने भारतीय पत्रकारों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि गलत सूचनाओं के रोकने और कानूनी कार्यवाही की गलतफहमी को दूर कर सटीक अदालती समाचारों को सबके सामने लाने में भारत के कानूनी पत्रकार बखूबी भूमिका निभा रहे हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि भारतीय अदालतें लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना के लिए संकट के समय में भी न केवल अहम भूमिका निभाई हैं बल्कि तकनीक का इस्तेमाल कर अदालतों को सर्वसुलभ बनाया है।

### भारत-यूएई के बीच प्रवासी भारतीयों के लिए श्रम, वीजा, नागरिकता मुद्दों पर की संयुक्त समिति ने की चर्चा, समझौतों को देंगे अंतिम रूप

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने दोनों देशों के बीच लोगों के आपसी संपर्क को बढ़ावा देने के तरीकों के अलावा प्रवासन और आवागमन से संबंधित समझौतों को शीघ्र अंतिम रूप देने पर चर्चा की है। मंगलवार को राजनयिक मामलों की संयुक्त समिति (जेसीसीए) की पांचवीं बैठक आयोजित की गई। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने इस बैठक में श्रम, वीजा, प्रवासन, नागरिकता और प्रत्यर्पण सहित अन्य मुद्दों पर समन्वय और सहयोग को मजबूत करने के तंत्र पर व्यापक चर्चा की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने पारस्परिक हित के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा की, जिसमें लोगों के बीच बेहतर संपर्क को बढ़ावा देने के लिए वीजा सुविधा और प्रवासन तथा आवागमन से संबंधित समझौतों को जल्द पूरा करना शामिल है।

### तंगहाल पाक के नागरिक 91 हजार करोड़ की संपत्ति के मालिक

# भारत के 30 हजार लोगों के पास दुबई में 1.42 लाख करोड़ की प्रॉपर्टीज

मुंबई हलचल / दुबई

दुनियाभर के अमीरों में दुबई में प्रॉपर्टी खरीदने का क्रेज लगातार बढ़ रहा है। भारत के 29 हजार 700 लोगों के पास दुबई में 35 हजार प्रॉपर्टीज हैं। इनकी कीमत 1.42 लाख करोड़ रुपए है। सेंटर फॉर एडवांस डिफेंस स्टडीज को मिले डेटा के आधार पर 58 देशों के 74 मीडिया हाउस ने यह रिपोर्ट तैयार की है।

रिपोर्ट को 'दुबई अनलॉक्ड' नाम दिया गया है। इसमें 2020-22 तक दुबई में विदेशियों की संपत्ति की डीटेल साझा की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस लिस्ट सबसे ऊपर भारतीयों का नाम है। संपत्ति के मामले में दूसरे नंबर पर पाकिस्तान है। यहां के 17 हजार लोग करीब 23 हजार प्रॉपर्टीज के मालिक हैं। इनकी कुल कीमत 91.8 हजार करोड़ है। सूची में तीसरे नंबर पर ब्रिटेन और चौथे पर सऊदी अरब के नागरिक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी के पास दुबई में 2 हजार करोड़ की संपत्ति है। वहीं लुलु ग्रुप के चेयमैन एमए यूसुफ अली और उनके परिवार के पास 585 करोड़ की प्रॉपर्टी है। इस लिस्ट में अरबपति गौतम अडाणी के भाई का भी नाम है। इसके अलावा बॉलीवुड स्टार्स जैसे शाहरुख खान, अनिल कपूर और शिल्पा शेट्टी भी दुबई में करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं।



#### जरदारी को मिला था 2.74 हजार करोड़ का पेंटहाउस

इनमें दुनियाभर में भ्रष्टाचार के आरोपी राजनेता, सेलेब्रिटीज, बिजनेसमैन के अलावा ऐसे लोग भी शामिल हैं, जिन पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे पाकिस्तान में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी से लेकर पूर्व सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ तक का नाम इस लिस्ट में शामिल है। मार्च 2014 में अब्दुल गनी माजिद नाम के व्यक्ति ने दुबई का एक पेंटहाउस जरदारी को तोहफे में दिया था। इसकी कीमत तब 2.74 हजार करोड़ रुपए थी। बाद में राष्ट्रपति ने यह संपत्ति अपनी बेटी को तोहफे में दे दी।जरदारी के बेटे और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के पास भी दुबई में प्रॉपर्टी है।

### बायोमास का उपयोग हरित बायोहाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हरित बायोहाइड्रोजन उत्पादन और बायोएनर्जी उत्पादन के लिए बंजर भूमि पर बायोमास खेती पर चर्चा करने के लिए बुधवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बायोमास खेती के लिए निम्नीकृत और बंजर भूमि के उपयोग का पता लगाने के लिए प्रमुख हितधारक सरकारी मंत्रालयों, ज्ञान भागीदारों और अनुसंधान संस्थानों को एक साथ लाया गया। इस बायोमास का उपयोग हरित बायोहाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए किया जाएगा, जिससे बायोमास से हरित हाइड्रोजन उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने पर विचार-विमर्श किया गया।


#### रोडमैप की रणनीति जरूरी

*भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने कहा कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन का एक उद्देश्य बायोमास-आधारित हरित बायोहाइड्रोजन उत्पादन के लिए केंद्रित पायलट योजना शुरू करना है। इसलिए देश के बायोमास खेती से संबंधित इकोसिस्टम को समझना महत्वपूर्ण है। प्रो. सूद ने इस बात पर प्रकाश डाला कि बैठक का उद्देश्य बायोमास और बंजर भूमि की उपलब्धता पर इनपुट इकट्ठा करना, बायोमास खेती में अंतराल और चुनौतियों की पहचान करना और हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए निम्नीकृत भूमि का उपयोग करने के लिए एक रोडमैप की रणनीति बनाना है।*

# APL अपोलो ने अक्षय कुमार के साथ 'रूफ टफ' के लिए नया TVC विज्ञापन लॉन्च किया

**मुंबई।** भारत में प्रमुख ब्रांडेड स्टील ट्यूब निर्माता APL अपोलो स्टील ट्यूब्स लिमिटेड ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार के साथ एक रोमांचक नया टेलीविज़न विज्ञापन लॉन्च किया है। इस विज्ञापन में उनके इनोवेटिव उत्पाद - रूफ टफ - कलर कोटेड कॉइल्स को दिखाया गया है। क्रेयॉन्स के सहयोग से निर्मित 60 सेकंड के इस विज्ञापन में अक्षय कुमार को 'द टफ हीरो' की भूमिका में दिखाया गया है, जो APL अपोलो के रूफ टफ के बेहतरीन टिकाऊपन और मजबूती को प्रदर्शित करते हुए रोमांचकारी पार्कर स्टंट करते हैं। TVC काल्पनिक शहर 'सतरंगा' में सेट है, जहाँ अक्षय कुमार अपनी बेटी को एक एक्शन से भरपूर कहानी सुनाते हैं कि कैसे वह उसकी माँ से मिले। 12 साल पहले की कहानी को याद करते हुए दर्शक अक्षय कुमार को एक चोर का पीछा करते हुए देखते हैं जो उनकी होने वाली पत्नी का हार चुरा लेता है। रोमांच से भरपूर यह पीछा छतों पर होता है, जिसमें अक्षय कुमार बाधाओं को पार करते हुए अपनी चपलता और मजबूती का प्रदर्शन करते हैं और APL अपोलो रूफ टफ की मजबूती को दर्शाते हैं। APL अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चेयरमैन श्री संजय गुप्ता ने इस विज्ञापन पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, "APL अपोलो में हम इनोवेशन और हाई क्वॉलिटी वाले प्रोडक्ट प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। रूफ टफ TVC के लिए अक्षय कुमार के साथ हमारी साझेदारी एक्सीलेंस और मजबूती के प्रति हमारे समर्पण का उदाहरण है। हम चाहते हैं कि हमारे ग्राहकों को केवल सर्वश्रेष्ठ प्रोडक्ट ही मिले। हम इस प्रोमो को लॉन्च करके खुश हैं क्योंकि हमारा लक्ष्य इस प्रोडक्ट को ज्यादा से ज्यादा उद्योगों में बढ़ावा देना है।" नए TVC विज्ञापन के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए APL अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट्स लिमिटेड के डॉयरेक्टर श्री राहुल गुप्ता ने कहा, "हमारे उत्पादों में हर विवरण (डिटेल) उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है। हमारे कॉइल में बेजोड़ प्रदर्शन और सटीकता को चुने, जो कलर कोटिंग शीट्स में एक नया स्टैंडर्ड स्थापित करता है। APL अपोलो द्वारा बने सुंदर लेकिन रफ और टफ कलर कोटेड शीट्स का इस्तेमाल करें। हमारे नए ब्रांड एंबेसडर अक्षय कुमार इन प्रोडक्ट का प्रचार कर रहे हैं।"

APL अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड के चीफ ब्रांड एंबेसडर & मार्केटिंग ग्रुप हेड श्री चारु मल्होत्रा ने कहा, "अक्षय कुमार के साथ हमारे नए TVC विज्ञापन का लॉन्च हमारे दर्शकों से जुड़ने के नए और प्रभावशाली तरीके खोजने के हमारे अथक प्रयास को दर्शाता है। इस आकर्षक वीडियो के माध्यम से हमारा उद्देश्य APL अपोलो के रूफ टफ के टिकाऊपन और विश्वसनीयता को बताना है। यह बाजार में मजबूती और प्रदर्शन के लिए नए स्टैंडर्ड स्थापित करता है। हमारा लक्ष्य टीवी/रेडियो/सिनेमा और डिजिटल सहित एक व्यापक इंटीग्रेटेड मार्केटिंग रणनीति के साथ इस विज्ञापन अभियान को व्यापक रूप से बढ़ावा देना है।" APL अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड (APL अपोलो) इनोवेशन और क्वॉलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए मशहूर है। अपोलो रूफ टफ भारत में एक क्रांतिकारी छत का समाधान प्रदान करता है जो आपके घरों को बेजोड़ ताकत और बेजोड़ शैली प्रदान करता है। अपने इनोवेटिव डिजाइन और बेहतर क्वॉलिटी के साथ अपोलो रूफ टफ छत की उत्कृष्टता में नए स्टैंडर्ड स्थापित करता है, जो आपकी इमारतों को टिकाऊपन और सुंदरता प्रदान करता है। रूफ टफ का इस्तेमाल कमर्शियल और इंडस्ट्रियल सेक्टर में होता हैं, जिनमें गोदाम, मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट, डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर, ऑफिस बिल्डिंग, रिटेल स्टोर, लॉजिस्टिक्स हब, बिजनेस पार्क और कमर्शियल कॉम्प्लेक्सेस शामिल हैं। इसके अलावा रूफ टफ का उपयोग चुनिंदा आवासीय क्षेत्रों में भी किया जाता है।




# एवियन विटामिन ई क्रीम अब बिल्कुल नए अवतार में!

**मुंबई।** क्या आप गर्मियों की तेज़ धूप में अपनी त्वचा को हाइड्रेट रखने को लेकर चिंतित हैं? क्या आप अपनी दैनिक स्किन केयर रूटीन को बदलने के बारे में सोच रहे हैं? क्या आप अपनी त्वचा की प्राकृतिक चमक बढ़ाने के लिए उसे पोषण देना चाहते हैं? तो आइये, हम लेकर आए हैं न्यू एवियन विटामिन ई क्रीम अब नए अवतार में! श्री विजय कुमार पम्पाना, पीएंडजी हेल्थ के मार्केटिंग हेड, राशी खन्ना और डॉली शाह के साथ, विटामिन ई और एलोवेरा के गुणों को मिलाने के लिए न्यू एवियन क्रीम पर चर्चा करने के लिए बातचीत में शामिल हुए; न्यू एवियन क्रीम आपको हेल्दी, नॉरिश और ग्लोइंग स्किन के लिए आपकी दैनिक स्किन केयर रूटीन को सरल बनाकर 'आई ओन माई ग्लो' कहने में मदद करेगी। भारत के नंबर वन विटामिन ई ब्रांड 'एवियन' की न्यू एवियन क्रीम हेल्दी, नॉरिश और ग्लोइंग स्किन के लिए आपकी दैनिक स्किन केयर रूटीन को सरल बनाकर, विटामिन ई और



एलोवेरा के गुणों को मिलाकर आपको 'आई ओन माई ग्लो' कहने में मदद करती है। विटामिन ई के शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट गुणों और एलोवेरा के प्राकृतिक अर्क के सुखदायक गुणों से भरपूर, यह क्रीम आपकी त्वचा की सुस्ती और काले धब्बों को कम करने में मदद करती है और यह सुनिश्चित करती है कि आपकी त्वचा अपनी प्राकृतिक चमक बिखेरती रहे। इसका पुनर्जीवन फार्मूला हाइड्रेशन से परे, सुस्ती, काले धब्बों और सूर्य के संपर्क और प्रदूषण जैसे पर्यावरणीय तनावों के हानिकारक प्रभावों का मुकाबला करता है। विटामिन ई और एलोवेरा की प्रचुरता त्वचा को नॉरिश, रिपेअर और सुरक्षा देने में मदद करती हैं। यह सुनिश्चित करती है कि यह हाइड्रेटेड और अच्छी तरह से नमीयुक्त है। एवियन विटामिन ई क्रीम अपने सनस्क्रीन में मिलाकर लगाएं या फिर रात को सोने से पहले इसे मॉइस्चराइजर के रूप में इस्तेमाल करें। एवियन विटामिन ई क्रीम बहुमुखी है।

# हरिद्वार में बर्बरता की हद पार, तीन बच्चों को पहले बेल्ट से बुरी तरह पीटा, फिर इंस्टाग्राम पर डाल दिया वीडियो

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल थाना क्षेत्र में तीन बालकों की बेल्ट से पिटाई कर उसका वीडियो इंस्टाग्राम पर डालने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बच्चों को हत्या कर देने की धमकी देते हुए आरोपित भाग निकले। घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक, अनुराधा शर्मा निवासी सर्वप्रिय विहार कनखल ने शिकायत दी कि उनके दो बच्चे और उनके साथ सहपाठी स्कूल से घर आ रहे थे। तीनों बच्चों को गोगामंडी सर्वप्रिय विहार के पास कुमार टायर वाली गली और राजा गार्डन निवासी दो किशोरों ने रोका व बच्चों के साथ गाली गलौज की। देहरादून के वसंत विहार के काली मंदिर एनक्लेव में पैदल चल रही महिला के साथ चैन लूट हो गई। एक स्कूटी सवार युवक महिला के पास आया और चैन झपटकर फरार हो गाया। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। वसंत विहार थाना अध्यक्ष महादेव उनियाल ने बताया कि वसंत विहार



के काली मंदिर एनक्लेव में द्रोणपुरी लेन तीन निवासी जितेंद्र थरेजा ने चैन स्नैचिंग की शिकायत दी। बताया कि उनकी पत्नी दीपा थरेजा बीते सोमवार रात करीब आठ बजे सब्जी लेकर वापस घर लौट रही थी। इस दौरान पीछे से स्कूटी सवार एक युवक उनके पास आया। वह कुछ समझ पाती इससे पहले युवक झपाटा मारकर उनकी पत्नी की सोने चेन लूट ले गया। महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गौर और आरोपित का पीछा करने की कोशिश की। लेकिन, वह तब तक फरार हो गया। महिला ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। जानकारी जुटाई, लेकिन आरोपित फरार हो चुका था। महिला के पति ने बुधवार को तहरीर दी और बताया कि घटना के बाद से पत्नी की तबीयत ठीक नहीं है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई। पुलिस के अनुसार आरोपित नीले रंग की स्कूटी पर सवार था। क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है।

### खान सचिव राव ने एक कार्यशाला में दी जानकारी

# कोल इंडिया, एनएमडीसी, ओवीएल विदेशों में खनिज संपत्तियां हासिल करने काम करेंगी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सरकार ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां कोल इंडिया, एनएमडीसी और ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज संपत्तियां हासिल करने के लिए काम करेंगी। ओएनजीसी विदेश लिमिटेड (ओवीएल) सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉर्पोरेशन की विदेशों में निवेश करने वाली इकाई है। इन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की विदेश में पहले से ही किसी न किसी तरह की मौजूदगी है।

**ये कंपनियां पहले से ही विदेशों में कारोबार कर रही**

## भारत विदेशों में स्थित खनिजों पर ध्यान दे रहा

खान सचिव वी. एल. कांता राव ने अपतटीय खनन पर एक कार्यशाला के मौके पर पत्रकारों से कहा, 'सचिवों के समूह (संसाधनों पर) ने निर्णय लिया है कि ये कंपनियां (कोल इंडिया, एनएमडीसी, ओएनजीसी विदेश लिमिटेड) आगे बढ़ें और विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज पर भी ध्यान दें। यह एक आसान तरीका है। ये कंपनियां पहले से ही विदेशों में कारोबार कर रही हैं।'



## आस्ट्रेलिया में सोने की खदानों पर भी गौर

राव ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया चिली में कुछ लिथियम ब्लॉक पर सक्रिय रूप से काम कर रही है। राव ने कहा, 'कोल इंडिया सक्रिय हो रही है... एनएमडीसी पहले से ही ऑस्ट्रेलिया में सक्रिय है। उनके पास ऑस्ट्रेलिया में कुछ सोने की खदानें हैं और वे ऑस्ट्रेलिया में लिथियम खदानों पर भी गौर कर रहे हैं।'

## तांबे व लिथियम के लिए चिली से गठजोड़ जारी

खान सचिव ने कहा कि भारत देश में तांबे और लिथियम खनिज संपत्तियों तक पहुंच प्राप्त करने के लिए चिली के साथ गठजोड़ करना चाहता है। राव ने कहा, 'हम महत्वपूर्ण खनिजों के लिए चिली के साथ मौजूदा एफटीए (मुक्त व्यापार समझौते) का विस्तार करने पर विचार कर रहे हैं। ताकि हम उन तक 'जी टू जी' (सरकार से सरकार) पहुंच प्राप्त कर सकें।'

## लिथियम ब्लाक के लिए भारत की आस्ट्रेलिया में रुचि

सचिव ने कहा कि भारत लंबे समय से लिथियम ब्लॉक के लिए ऑस्ट्रेलिया में रुचि दिखा रहा है। इस वर्ष 'हमारा लक्ष्य ऑस्ट्रेलिया में इस मोर्चे पर कुछ करने का है।' उन्होंने कहा कि भारत मंगोलिया में कुछ कोयला और तांबे की संपत्तियों पर विचार कर रहा है और सरकार इस भूमि से घिरे देश के साथ व्यापार मार्गों पर गौर कर रही है।

## इन खनिजों की मांग तेजी से बढ़ रही

सचिव ने कहा कि भारत लिथियम सहित महत्वपूर्ण खनिजों के लिए जाम्बिया के साथ संयुक्त रूप से खनन भी कर रहा है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ तत्व जैसे महत्वपूर्ण खनिज आज काफी महत्वपूर्ण हो गए है।

## स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में आई तेजी

आज ये खनिज तत्व पवन टर्बाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक... तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में से कई में आवश्यक घटक हैं। स्वच्छ ऊर्जा बदलाव में तेजी आने के साथ इन खनिजों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है।

# क्यों झड़ते हैं आइब्रो के बाल? जानिए इसके उपाय



आइब्रोज बढ़ाने के घरेलू उपाय : चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाने में आइब्रो का बहुत खास महत्व होता है। मगर कुछ लड़कियों के आईब्रोज के बाल झड़ने लगते हैं। इससे पूरे चेहरे की ही लुक खराब हो जाती है। सुंदरता को बढ़ाने और आईब्रो को घना बनाने के लिए लोग कई तरह के तरीके अपनाने लगते हैं लेकिन किसी भी प्रॉब्लम का हल तभी निकलता है जब उसकी जड़ का पता चले। ऐसे में आज हम आपको आईब्रो के बाल झड़ने का कारण बताएंगे।

**तो चलिए जानते हैं वह कौन से कारण है जिनकी वजह से बाल झड़ने लगते हैं।**

**1. तनाव**
आइब्रो के बाल झड़ने का सबसे बड़ा कारण है तनाव। जी हां, जैसे ज्यादा टैंशन लेने से सिर के बाल झड़ने लगते हैं ठीक वैसे ही मानसिक और शारीरिक तनाव के कारण बाल झड़ने लगते हैं।

**2. प्लकिंग**
आइब्रो को शेप देने के लिए प्लकिंग सबसे बढ़िया तरीका है। मगर जरूरत से ज्यादा प्लकिंग का इस्तेमाल करने से आइब्रो के बाल झड़ने लगते हैं।

**3. पोषण तत्वों की कमी**
पोषण और विटामिन की कमी जैसे जिंक, आयरन, विटामिन डी, विटामिन बी12 की से भी आइब्रो के बाल झड़ते हैं।

**4. खारिश के कारण**
कई बार एचिंग यानी की खारिश की वजह से भी बाल झड़ने लगते हैं। सुंदर आइब्रो चाहिए तो खारिश होने पर हल्का-हल्का रब करें। जरूरत से ज्यादा खारिश करने पर नुकसान हो सकता है।

आइब्रो के बालों झड़ने से रोकने के घरेलू नुस्खे

**1.ऑलिव ऑयल**
ऑलिव ऑयल में विटामिन ई की भरपूर मात्रा होती है जो कि बालों को झड़ने से रोकता है। 1 टेबलस्पून ऑलिव ऑयल लेकर हल्के हाथों से आइब्रो पर सर्कुलर मोशन में मसाज करें और 30 मिनट के लिए तेल को लगा रहने दें। फिर गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

**2. एलोवेरा जेल**
एलोवेरा जेल में पाए जाने वाले पौषक तत्व बालों को मजबूत करने का काम करते हैं। आइब्रो पर एलोवेरा जेल लगाकर मसाज करें और 30 मिनट के लिए के बाद पानी से इसे धो लें।

**3. दूध**
दूध भी बालों को मजबूत बनाता है। आइब्रो के बाले को झड़ने से रोकने के लिए कॉटन में थोड़ा सा कच्चा दूध लगाकर लगाएं। तकरीबन 20 मिनट के बाद चेहरा ठंडे पानी से धो लें। लगातार यह तरीका अपनाने से आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।

**4. अंडे की जर्दी**
अंडे में विटामिन डी और प्रोटीन की भरपूर मात्रा होती है। अंडे को कॉटन की मदद से आइब्रो पर लगाएं। लगभग 20 मिनट के बाद ठंडे पानी से चेहरा साफ करें।

# बारिश के मौसम में दही खाना चाहिए या नहीं ?



बारिश के मौसम में फूड प्वाइजनिंग होने का खतरा रहता है। यही वजह है कि अधिकतर लोग अपने खान-पान का बहुत ध्यान रखते हैं। वह अक्सर इस बात को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि इस मौसम में दही खाना चाहिए की नहीं। अगर आप भी सोचते हैं कि इन दिनों में दही नही खाना चाहिए तो यह आपकी गलतफहमी है। मगर बारिश के मौसम में रात के समय में दही खाने से बचें। केवल दिन के समय ही दही का सेवन करें। डायरिया और फूड प्वॉइजनिंग के मरीजों के लिए दही का सेवन बेहतर है। इसके अलावा भी दही खाने से कई फायदे होते हैं।

**1. पाचन शक्ति बढ़ाएं**
रोजाना दही का सेवन करने से पाचन शक्ति मजबूत होती है। इसके साथ ही दही पेट में होने वाले इंफैक्शन से भी बचाता है। जिन लोगों को भूख नहीं लगती उनको दहीं खाना चाहिए। दिन में सिर्फ 1 कटोरी दही खाने से पेट से संबंधित सारी समस्याएं दूर हो जाएंगी।

**2. मुंह के छालों में राहत**
अक्सर गर्मियों के मौसम में मुंह में छाले हो जाते हैं। इन छालों से राहत पाने के लिए दही और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाने से फायदा होगा। आप चाहें तो दही की मलाई भी छालों पर लगा सकते हैं।

**3. सेहतमंद दिल**
दही में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बहुत कम होती है। इससे ब्लड प्रेशर ठीक रहता है। स्वस्थ रहने के लिए रोजाना दही का सेवन करना शुरू करें। दही खाने से हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर और गुर्दे की बीमारियां नहीं होती।

**4. मोटापा करें कम**
जल्दी से वजन कम करना चाहते हैं तो दही का सेवन करें। इसमें कैल्शियम पाया जाता है जो शरीर में फालतू चर्बी को नहीं बढ़ने देता। यही कारण है कि डॉक्टर भी मोटे लोगों को दही खाने के लिए कहते हैं।

**5. दांतों और हड्डियों को मजबूती**
दही का सेवन दांतों और हड्डियों के लिए भी अच्छा होता है। यूं तो शरीर के लिए सारे ही डेयरी प्रॉडक्ट्स अच्छे होते हैं लेकिन दही में कैल्शियम और फास्फोरस की उच्च मात्रा होती है जो दांतों और हड्डियों के लिए अच्छा होता है।

# औरतों को क्यों होती है थायराइड की समस्या और कैसे करें इलाज ?

थायराइड एक ऐसी समस्या है जोकि आजकल लोगों में आम देखने को मिलती है। मगर पुरूषों की तुलना में महिलाओं में थायराइड की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। थायराइड ग्लैंड में हार्मोन का संतुलन बिगड़ जाने के कारण यह समस्या होती है। बढ़ती उम्र के साथ महिलाओं में थायराइड का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में उन्हें इसके बारे में पूरी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

## साइलेंट किलर है थायराइड

वैसे तो यह प्रॉब्लम किसी को भी हो सकती है लेकिन महिलाओं में थायराइड की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। यह एक ऐसी साइलेंट कंडीशन है, जिसमें लक्षण धीरे-धीरे दिखाई देती हैं। थायराइड तितली के आकार का गले में मौजूद बॉडी का मेन एंडोक्राइन ग्लैंड है। इसमें थायरायड हार्मोन निकलता है जो मेटाबॉलिज्म रेट को कंट्रोल करता है। इसके कारण महिलाओं को बहुत से परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## थायराइड के कारण

महिलाओं को थायराइड की समस्या काबोहाईड्रेट्स का सेवन न करने, ज्यादा नमक या सी फूड खाने और हाशिमोटो रोग के कारण हो सकती है। इसके अलावा शरीर में आयोडीन और विटामिन बी12 के कमी कारण भी महिलाओं में थायराइड का खतरा बढ़ जाता है।

## ये होते हैं थायराइड के लक्षण

अगर आपको कमजोरी, थकान लगना, डिप्रेशन, तनाव, नींद न आना, सिर दर्द या गर्दन में दर्द हो तो यह थायराइड का संकेत है। महिलाओं में अनियमित पीरियड्स भी इसी बीमारी का लक्षण है। इसके अलावा इस बीमारी में पेट की गड़बड़ी, जोड़ो मे दर्द रहना, वजन का बढ़ना या कम होना, मांसपेशियों का कमजोर होना, आंखो और चेहरे पर सूजन रहना जैसे लक्षण भी दिखाई देते हैं।

थायराइड के लिए घरेलू इलाज

**1. हल्दी वाला दूध**
रोजाना हल्दी वाला दूध पीने से भी थायराइड कंट्रोल में रहता है। अगर आप हल्दी वाला दूध नहीं पीना चाहती तो आप हल्की भून कर भी खा सकती हैं। इससे भी थायराइड को कंट्रोल करने में मदद मिलती है।

**2. मुलेठी का सेवन**
थायराइड के मरीज जल्दी थक जाते हैं। ऐसे में मुलेठी का सेवन आपके लिए बेहद फायदेमंद होगा। इसमें मौजूद तत्व थायराइड




ग्रंथी को संतुलित करके थकान को उर्जा में बदल देते हैं।

**3. प्याज से मसाज**
थायराइड को कंट्रोल करने के लिए सबसे अच्छा तरीका है प्याज। इसके लिए प्याज को दो हिस्सों में काटकर सोने से पहले थायराइड ग्लैंड के आस-पास क्लॉक वाइज मसाज करें। मसाज के बाद गर्दन को धोने की बजाए रातभर के लिए ऐसे ही छोड़ दें। कुछ दिन लगातार ऐसे करने से आपको इसके नतीजे दिखने शुरू हो जाएंगे।

**4. गेहूं और ज्वार**
गेहूं और ज्वार आयुर्वेद में थायराइड की समस्या को दूर करने का बेहतर और सरल प्राकृतिक उपाय है। इसके अलावा यह साइनस, उच्च रक्तचाप और खून की कमी जैसी समस्याओं को रोकने में भी प्रभावी रूप से काम करता है।


**5. हरा धनिया**
थाइराइड का घरेलू इलाज करने के लिए हरा धनिया को पीसकर उसकी चटनी बना लें। इसे 1 गिलास पानी में घोलकर रोजाना पीने से थायराइड कंट्रोल में रहेगा। आप चाहे तो चटनी का सेवन खाने के साथ भी कर सकती हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# रिया चक्रवर्ती ने किया क्रिप्टिक पोस्ट



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती ने अपने इंस्टाग्राम पर अपनी हालिया वेकेशन की कुछ तस्वीरें साझा कीं। रिया ने अपने कैप्शन में लोकेशन का खुलासा नहीं किया। तस्वीरों में रिया को प्रिंटेड मैक्सी आउटफिट पहने देखा जा सकता है। एक फोटो में उन्हें डूबते सूरज की सुंदरता का आनंद लेते देखा जा सकता है। तस्वीर पर रिया के कैप्शन ने इंटरनेट का ध्यान खींचा। रिया ने फोटो को कैप्शन दिया- चैप्टर 2। और इसके साथ ही कई सारी इमोजी डाली। रिया के इस पोस्ट को देख कर फैन्स कंफ्यूज भी हो गए हैं। रिया की इस पोस्ट पर उनकी अनुषा दांडेकर ने भी कमेंट किया। अनुषा ने जहां कमेंट में सिर्फ इमोजी पोस्ट किया तो वहीं फातिमा सना शेख ने प्रिटी गर्ल कमेंट किया। वहीं जनवरी में रिया ने सुशांत सिंह राजपूत की 38वीं जयंती पर उनके लिए स्पेशल पोस्ट लिखा था। रिया ने दिल वाले इमोजी के साथ सुशांत की एक फोटो शेयर की थी। पिछले साल इंडिया टुडे के मुंबई कॉन्क्लेव में रिया ने बताया था की अभिनेता के निधन के बाद उन्हें क्या कुछ झेलना पड़ा। एक्ट्रेस ने बताया कि लोग उनके लिए चुड़ैल और डायन जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे। एक्ट्रेस ने कहा था, मुझे चुड़ैल नाम पसंद है। मुझे लगता है कि यह दिलचस्प है। पुराने समय में, डायन कौन थी? डायन वह महिला होती थी जो पितृसत्तात्मक समाज (जिस परिवार या सोसाइटी को पुरुषों द्वारा नियंत्रित किया जाता है) को नहीं मानती थी या उसका अपना तरीका होता था। यह राय उस समय पुरुषों और पितृसत्तात्मक समाजों की लोकप्रिय राय के खिलाफ थी। शायद मैं वह व्यक्ति हूं, शायद मैं काला जादू करना जानती हूं।



## काले हिरण मामले में मिल सकती है माफी!

**कुछ** दिनों पहले सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड सोमी अली ने उनके घर बाहर हुई गोलीबारी की घटना पर अपनी चिंता जताई और सलमान खान की ओर से सार्वजनिक माफी मांगी थी। अब बिश्नोई समुदाय के प्रमुख ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है और एक आधिकारिक बयान जारी किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अखिल भारतीय बिश्नोई समाज के अध्यक्ष देवेन्द्र बुदिया ने कहा है कि समुदाय काले हिरण मामले में सलमान को माफ कर देगा, लेकिन इसके लिए उन्हें खुद माफी मांगनी पड़ेगी। बिश्नोई समुदाय के प्रमुख ने कहा है कि सलमान खान की जगह कोई और माफी नहीं मांग सकता। गलती के लिए उन्हें ही माफी मांगनी पड़ेगी। अध्यक्ष देवेन्द्र बुदिया ने कहा, ह्यअगर सलमान खुद माफी मांगते हैं, तो बिश्नोई समाज इस पर विचार करेगा, क्योंकि गलती सोमी अली ने नहीं, बल्कि सलमान खान ने की थी। उनकी तरफ से कोई और माफी नहीं मांग सकता। अगर वह मंदिर में आकर माफी मांगते हैं तो हमारा समाज उन्हें माफ करने के बारे में सोच सकता है, क्योंकि हमारे 29 नियमों में से एक माफी भी है।



## 'सबको लगा वो मर गए'

**एक्टर** वरुण धवन अपने पिता के काफी करीब हैं। वो उस पल को आज भी नहीं भूल पाए हैं, जब उनकी नजरों के सामने डेविड धवन की सांसें थम सी गई थीं और सबको लगा कि उनकी मौत हो चुकी है। ये पूरा मामला उस दौरान का है, जब एक्टर अपने डायरेक्टर पिता के साथ मूवी 'मैं तेरा हीरो' की शूटिंग कर रहे थे। इसका शूट बैंकॉक में भी होना था। इसी दौरान जब डेविड एक लोकेशन को देखने गए, तो वहां वो गिर गए। इससे उनके गले और पैर में चोट लग गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उन्हें दर्द कम करने की दवाइयां दीं और उन्हें सोने की सलाह दी। डॉक्टर की सलाह मानने की जगह दर्द के बावजूद डेविड सेट पर आए और शूटिंग को जारी रखा। लंच ब्रेक में उन्होंने दवाइयां लीं। इस दौरान उनके असिस्टेंट उमेश उस पैर को दबा रहे थे, जिसमें डेविड को बहुत ज्यादा दर्द हो रहा था। तभी वरुण सेट पर पहुंचे और उन्होंने देखा कि उनके पिता की हालत ठीक नहीं लग रही है।